मिशन ज्ञान

## अध्याय - 1 | लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यो?

**QUIZ-01**

1. **लोकतंत्र की मूल परिभाषा क्या है?**
   A. चुने हुए नागरिकों द्वारा सरकार    B. अमीर वर्ग का शासन
   C. वह सरकार जिसमें शासक जनता द्वारा चुने जाते हैं
   D. सेना का शासन (C)

*व्याख्या:* लोकतंत्र वह शासन प्रणाली है जिसमें शासक जनता द्वारा चुने जाते हैं।

2. **निम्न में से कौन-सी लोकतंत्र की एक प्रमुख विशेषता है?**
   A. निर्णय धार्मिक नेताओं द्वारा लिए जाते हैं
   B. शासक सेना द्वारा नियुक्त होते हैं
   C. अंतिम निर्णय जनता द्वारा चुने गए नेताओं द्वारा लिए जाते हैं
   D. राजा सभी प्रमुख कानून बनाता है (C)

*व्याख्या:* लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति चुने हुए प्रतिनिधियों के पास होती है।

3. **लोकतांत्रिक चुनाव का क्या अर्थ है?**
   A. केवल एक पार्टी का चुनाव लड़ना
   B. गुप्त मतदान
   C. राजनीतिक विकल्पों के बीच निष्पक्ष प्रतियोगिता
   D. मतदान अनिवार्य होना (C)

*व्याख्या:* लोकतंत्र में चुनाव तभी सार्थक होता है जब उसमें असली विकल्प और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा हो।

4. **"एक व्यक्ति, एक मत, एक मूल्य" का क्या अर्थ है?**
   A. केवल शिक्षित लोग मतदान करें
   B. प्रत्येक नागरिक के मत का समान महत्व हो
   C. अमीर को अधिक मत मिले
   D. नेता तय करें कि किसका मत गिने (B)

*व्याख्या:* लोकतंत्र में राजनीतिक समानता का अर्थ है कि हर व्यक्ति का मत बराबर माना जाए।

5. **लोकतांत्रिक सरकार की शक्तियों को कौन सीमित करता है?**
   A. राजा के आदेश
   B. संविधान और नागरिक अधिकार
   C. धार्मिक ग्रंथ    D. सेना के नियम (B)

*व्याख्या:* लोकतांत्रिक सरकार संविधान और नागरिक अधिकारों की सीमाओं के भीतर कार्य करती है।

6. **लोकतंत्र की एक सामान्य आलोचना क्या है?**
   A. यह गरीबी को पूरी तरह समाप्त करता है
   B. यह युद्ध को बढ़ावा देता है
   C. यह निर्णय लेने में देरी करता है
   D. यह लोगों की राय की अनदेखी करता है (C)

*व्याख्या:* लोकतंत्र में विचार-विमर्श के कारण निर्णय लेने में समय लग सकता है।

7. **किस देश में चुनाव हुए लेकिन असली सत्ता सैन्य अधिकारियों के पास थी?**
   A. मेक्सिको    B. जिम्बाब्वे
   C. पाकिस्तान    D. चीन (C)

*व्याख्या:* पाकिस्तान में जनरल मुशर्रफ के शासन में चुनाव तो हुए, पर सत्ता सेना के पास थी।

8. **किस देश में केवल सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार ही चुनाव लड़ सकते थे?**
   A. भारत    B. मेक्सिको
   C. अमेरिका    D. चीन (D)

*व्याख्या:* चीन में केवल कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अनुमोदित उम्मीदवार ही चुनाव लड़ सकते हैं।

9. **लोकतंत्र को अन्य शासन प्रणालियों से बेहतर क्यों माना जाता है?**
   A. यह हमेशा कुशल होता है
   B. यह सभी समस्याओं का समाधान करता है
   C. यह अपनी गलतियों को सुधारने की अनुमति देता है
   D. यह नेताओं को कभी नहीं बदलता (C)

*व्याख्या:* लोकतंत्र में सार्वजनिक चर्चा और विकल्प उपलब्ध होने से गलतियों को सुधारा जा सकता है।

10. **लोकतंत्र का व्यापक अर्थ क्या है?**
    A. हर पांच साल में मतदान
    B. केवल बहुमत का शासन
    C. समान सलाह और भागीदारी से निर्णय लेना
    D. केवल शिक्षितों द्वारा शासन (C)

*व्याख्या:* लोकतंत्र का सिद्धांत जीवन के हर क्षेत्र में समान सलाह से निर्णय लेना है।

DESH KA APNA SCHOOL